प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

25 नवंबर 2026

विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों के प्रबंधन संबंधी 47वीं छमाही रिपोर्ट: अप्रैल - सितंबर 2026

विदित है कि फरवरी 2004 में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने देश की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों के प्रबंधन में अधिक पारदर्शिता लाने तथा प्रकटीकरण को बढ़ाने के लिए विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों के प्रबंधन पर अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट संकलित करने तथा उन्हें सार्वजनिक करने की प्रथा शुरू की थी।

इस संबंध में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज सितंबर 2026 के अंत के संदर्भ में विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों के प्रबंधन संबंधी 47वीं छमाही रिपोर्ट जारी की है।

अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियां 691.11 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 737.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। भारत के विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

https://www.rbi.org.in/scripts/WSSView.aspx?Id=28849

(ब्रिज राज)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/1564